C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:15 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:58 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 84 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 17 सितम्बर 2025
कंगना ने तस्वीर शेयर कर दी पीएम...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चाकू सहित एक युवक को गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी।** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने चाकू सहित एक युवक को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है। हीरा नगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह अपने दल बल के साथ हीरा नगर छेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी एक युवक टहलता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देख कर भागने लगा युवक को भागते देख पुलिस में उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम शोएब अंसारी पुत्र अबरार निवासी गफूरबस्ती बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह यहां किसी को लूटने की फिराक में था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया।

### रोडवेज कर्मचारी की बेटी ने जीता राष्ट्रीय मुक्केबाजी में गोल्ड

**हल्द्वानी।** काठगोदाम प्रतापगड़ी काठगोदाम निवासी पीहू आर्या जो स्कूली राष्ट्रीय मुक्केबाजी महेन्द्रगढ़ हरियाणा में आयोजित थी ,उसमे 42 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। पीहू के पिता दीपक कुमार रोडवेज में परिचालक व माता आरती गृहणी है। पीहू गुरु तेग बहादुर स्कूल में 9 वी की छात्रा है,पीहू कोच गौरव भंडारी से काठगोदाम में चन्द्रयाल एकेडमी में प्रशिक्षण ले रही है,इसके कोच भी उसके शानदार प्रदर्शन से गदगद है,पीहू के स्वर्ण पदक जीतने पर उनके निवास स्थान और उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो में पीहू को सम्मानित किया गया,और उससे आशा जताई गयी की वो एक दिन देश के लिए खेल कर देश का गौरव बढायेगी,पीहू आर्या के काठगोदाम घर आने पर मंगलवार को काठगोदाम डिपो में उसे सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम गणेश चंद पंत, सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पाण्डे, उत्तराँचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आंनद बिष्ट,केंद्र प्रभारी मनोहर रावत,कैलाश कांडपाल, अजय शर्मा, हेमंत गड़िया,हरीश रावत,मंजू तिवाड़ी, विमला बिष्ट,रोहित मिश्रा,कमल बिष्ट,रितेश आर्या,हीरा राणा,सुरेश आर्या,बलदेव सिंह, जगत बोरा सहित कई कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी।

## आठ करोड़ की लागत से इंदिरा चौक से शुरू कराया सड़क का कार्य

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता



**शुभारंभ**
- दोनों ओर सात मीटर सड़क का होगा चौड़ीकरण
- पैदल चलने के लिए भी फुटपाथ की व्यवस्था भी होगी

इंदिरा चौक से डीडी चौक तक चौड़ीकरण कार्य का कार्य शुरू हो गया है। बीते रोज इंदिरा चौक पर महापौर विकास शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व महापौर रामपाल सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि आठ करोड़ की लागत का प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर इस निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया है। पिछले दिनों नगर निगम ने सड़क चौड़ीकरण के लिए सर्वे करके दोनों ओर नपाई की थी। निर्माण चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं अवैध निर्माण को भी हटाया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के बाद बची जगह पर दोनों ओर निकासी के लिए नाला निर्माण भी होगा। सड़क के दोनों ओर पैदल चलने के लिए भी फुटपाथ की व्यवस्था भी होगी। जिलाध्यक्ष जिंदल ने कहा कि जिला मुख्यालय पर मुख्य मार्ग हाईवे का चौड़ीकरण शहरवासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। वहां पर लोनिवि के एई पीसी पंत, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पियूष रंजन, मुकेश पाल, सुशील चौहान, राजेश जग्गा सहित अनेक मौजूद रहे। बता दें कि 10 सितंबर को विधायक शिव अरोरा ने रोडवेज के सामने सभा का आयोजन कर चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया था। सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाषण भी दिए। विधायक ने इस सड़क के चौड़ीकरण का कार्य मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल होने की बात कही थी। अब उसी चौड़ीकरण का शुभारंभ महापौर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के संग किया। शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि इंदिरा चौक से डीडी चौक और डीडी चौक से अटरिया मोड़ तक सड़क का चौड़ीकरण,सौंदर्यीकरण हो रहा है, जिसका पहले विधायक ने,अब महापौर ने शुभारंभ किया है।

**दर्द में दून: आज भी रेस्क्यू जारी**

## छह लोगों के दबे होने की सूचना पर सात घंटे में पहुंच पाई एसडीआरएफ

**देहरादून**
हमारे संवाददाता



देहरादून में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात बादल आफत बनकर बरसे। विभिन्न स्थानों पर नदी में बहने और मलबे में दबने से 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 से अधिक लोग लापता हैं। हालांकि मौठ नदी में दो पुराने शव भी मिले हैं। मालदेवता के ऊपर रायपुर क्षेत्र के गांव फुलेट में छह लोगों के फंसे होने की सूचना मिली।

मालदेवता के ऊपर रायपुर क्षेत्र के गांव फुलेट में छह लोगों के फंसे होने की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। करीब सात घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम गांव में पहुंची लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं हो पाई। बिजली न होने के कारण गांव में अंधेरा पसरा है। ऐसे में एसडीआरएफ आज फिर रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी है। मालदेवता क्षेत्र में कई पुलों, सड़कों व संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। यहां के गांव फुलेट में दोपहर 12 बजे प्रशासन को सूचना मिली थी कि एक मकान गिर गया है। इस मकान में छह लोगों के दबे होने की सूचना है। इस पर एसडीआरएफ और पुलिस को मौके के लिए रवाना किया गया तो रास्तों की चुनौतियों ने टीम को आगे नहीं बढ़ने दिया। भारी-भरकम उपकरणों से लैस एसडीआरएफ के जवान पगडंडी पर आगे बढ़े तो 16 किलोमीटर का यह रास्ता करीब सात घंटे में तय कर पाए। शाम करीब सात बजे के आसपास टीम फुलैत गांव पहुंची तो देखा कि चारों ओर अंधेरा पसरा है। मकान में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं हो पाया। एसडीआरएफ ने आज सुबह यहां पर ऑपरेशन शुरू किया।सूत्रों के मुताबिक स्थानीय लोगों ने आशंका तो यहां लोगों के दबने की जताई है लेकिन कुछ लोग इस घर को खाली भी बता रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाले लोग इधर-उधर कहीं चले गए होंगे। हालांकि, असल बात आज को रेस्क्यू ऑपरेशन के खत्म होने के बाद पता चलेगी। वहां पर एयरटेल कंपनी के सिग्नल आते हैं मगर दोपहर बाद बिजली चले जाने से सिग्लन भी बंद हो गए।

## डांडिया नाइट के आयोजन की तैयारियां शुरू की

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से डांडिया नाइट के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस सिलसिले में क्लब अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में 24 सितंबर को बास्केटबॉल ग्राउंड में विगत वर्षों की भांति हैप्पी होम डांडिया नाइट आयोजित करने पर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में तय किया गया कि इस बार डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए रमा भट्ट को संयोजक एवं दीपिका बिनवाल, सीमा सेठ और अनुराधा भट्ट को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। संयोजक रमा भट्ट ने बताया कि डांडिया नाइट में प्रतिभागियों को डांडिया क्वीन, फर्स्ट रनर अप, सेकंड रनर अप, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट ज्वैलरी, बेस्ट स्टेप, बेस्ट परफॉर्मेंस, बेस्ट लुक आदि श्रेणियों में आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रॉ भी रखा गया है, जिसमें कई विशेष पुरस्कार होंगे। प्रतिभागी डांडिया नाइट में भाग लेना चाहते हैं, वे 639828606 एवं 9410749602 पर अपनी एंट्री करा सकते हैं। पंजीकरण शुल्क 50 रखा गया है। कार्यक्रम के प्रायोजक हैप्पी अटवाल ने बताया कि इस वर्ष भी आयोजन को भव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान सचिव कविता त्रिपाठी, हेमा भट्ट, रानी शाह, गीता शाह, ज्योति ढोंधियाल, प्रेमा अधिकारी, सविता कुलारा, दया कुंवर, दीपा पांडे, जीवंती भट्ट, मानसी गर्ग, तुसी शाह, भावना शाह, वंदना जोशी, अमिता शाह, मीनू बुला कोठी, प्रगति जैन, मीनाक्षी, कीर्ति लीला, राज कंचन जोशी, जया वर्मा, डॉ. पल्लवी, सरस्वती शिराला आदि रहे।



## चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बनाने को उठाएंगे जरूरी कदमः प्राचार्य

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

**निर्णय**
- बीते रोज झड़प की रिपोर्ट पुलिस और शासन को भेजी

एमबीपीजी कॉलेज में 27 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव से पहले तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। 16 सितंबर को कॉलेज परिसर में छात्रसंघ अध्यक्ष पद के संभावित दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच शक्ति प्रदर्शन के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के छात्रों में मारपीट हो गई। इस झड़प में लात-घूंसे चले और कुछ छात्रों को मामूली चोटें भी आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति को नियंत्रण में किया।

कुमाऊं के सबसे बड़े इस कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है, जिसमें एबीवीपी और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। कॉलेज प्रशासन ने चुनाव के दौरान लिंगदोह कमेटी के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन कुछ छात्र नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने कहा कि दोनों पक्षों की झड़प की रिपोर्ट पुलिस और शासन को भेजी जा चुकी है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन 18 सितंबर से शुरू होने वाली चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहा है।

## भीमताल विकास खंड के अमिया गांव में लगा बहुद्देशीय शिविर

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता




जिला प्रशासन की ओर से नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण हेतु मंगलवार को रा0जकीय0 इंटर कालेज अमिया में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा। विभागीय अधिकारियों ने समस्याओं का समाधान करने को आश्वस्त किया। इस दौरान क्षेत्र में आपदा से हुई क्षति, विद्युत लो वोल्टेज की समस्यां तथा नए राशन कार्ड बनाए जाने की समस्या लोगों ने प्रमुखता से रखी।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा दी गई। इस दौरान बच्चों का टीकाकरण किया गया जबकि पशुपालन विभाग द्वारा बर्ड फ्लू एवं पशुधन बीमा आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। बाल विकास विभाग द्वारा लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरण की गई, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,नंदागौरा योजना तथा मुखयमंत्री महालक्ष्मी किट व मुखयमंत्री महिला बाल पोषण योजना आदि विभागीय जानकारी दी गई वहीं उद्यान विभाग द्वारा काश्तकारों को कीटनाशक दवाओ का वितरण किया गया।कृषि विभाग द्वारा पीएम किसान निधिए कृषि यंत्रीकरणए बीज सम्बंधित विभागीय जानकारियों को साझा किया। पुलिस विभाग द्वारा सामाजिक नेटवर्किंग सिस्टम सोशल साइट पर ठगी व्यक्तिगत जानकारी को किसी को भी साझा न करने की बात कही तथा जानकारी दी गई। शिविर में ग्राय विकास विभाग द्वारा बीपीएल प्रमाण पत्र जारी किए गए।

पंचायती राज विभाग द्वारा मौके पर ही जन्म प्रमाण पत्र व0 यूसीसी पंजीकृत किए गए। शिविर में भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, भीमताल के बलाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान अमिया पंकज मेहरा, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, सहायक परियोजना अधिकारी चंद्रा फ र्त्याल, खण्ड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रही।

# आफत: जिलेभर में मूसलाधार बारिश का कहर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल तथा आस पास के क्षेत्रों में देर रात मूसलाधार बारिश के चलते समीपवर्ती ग्राम बजून के तोक दूदिला में आपदा ने सब कुछ तहस- नहस कर दिया। अधौड़ा- गैरीखेत -अकशु मोटरमार्ग में पहाड़ी में भू कटाव के चलते मलबा गिरने से दो मंजिला मकान समेत गौशाला, दो भैंस, दो गाय तथा एक घोड़ा तथा दो बछिया समेत 20 नाली खेत दब गए।

बता दें कि नैनीताल में सोमवार की रात भारी बारिश के चलते अधौड़ा मार्ग की पहाड़ी पर भूकटाव के चलते भारी मात्रा में मलबा गिर गया। मलबा सडक़ के नीचे बजून गांव के तोक दुदिला में पहुंच गया है। मलबे की चपेट में आने से दुदिला तोक में हरेंद्र सिंह का दो मंजिला भवन समेत एक गौशाला, दो गाय, दो भैसे तथा दो बछिया और एक घोड़ा भी जिंदा दफ न हो गए हैं साथ ही लगभग 20 नाली जमीन कृषि भूमि मलबे में दफ न हो गई। इस दौरान बिजली की लाइन व पोल टूट गए। वहीं भारी



मात्रा के मलबा पूरन सिंह ढैला के मकान सेए भूपाल सिंह के घर में पहुंच गया।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष 14 सितंबर 2024 को भी यहां मलबा आया था। जिसमें भूपाल सिंह का आधा मकान क्षतिग्रस्त हुआ था। ग्रमीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। एसडीएम नवाजिश खलिख ने बताया कि जिस क्षेत्र में मलबा गिरा है वह पूर्व से ही स्लाइडिंग जोन है। पूर्व में भी मलबा गिरने के चलते नीचे परिवारों को शिफट करा दिया गया था। जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई है। जानवरों के दबने की जानकारी मिली है। क्षेत्र में लोनिवि तथा राजस्व के साथ ही पशुपालन की टीम भेज दी गई है। टीम आंकलन कर रही है। बताया कि भू वैज्ञानिक को क्षेत्र में भेजा जा रहा है ताकि जल्दी सुरक्षा कार्य किये जा सकें। बताया कि जल्द से जल्द ट्रीटमेंट करा दिया जाएगा।

### प्रभावितों के लिए आज लगेगा विशेष शिविर

तहसील नैनीताल के बजून क्षेत्र अंतर्गत हुई पशुहानि के दृष्टिगत उप जिला अधिकारी नैनीताल नवाजिश खलिक द्वारा मंगलवार स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तथा प्रभावित परिवार को मौके पर ही 3 लाख 12 हजार की धनराशि मुआवजे के तौर पर मुहैया कराई गई।

साथ ही भूगर्भीय वैज्ञानिक के द्वारा मौके पर लैंडस्लाइड जोन के उपचारात्मक कार्य हेतु निरीक्षण किया गया। दूसरी ओर जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के क्रम में बुधवार (आज) को क्षेत्र अंतर्गत एक व्यापक शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें उक्त के अतिरिक्त अन्य प्रभावितों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

## NEWS / फटाफट

### आलमा कॉटेज की धंसी सड़क का अफसरों ने लिया जायजा



**नैनीताल ।** नैनीताल में बीती रात हुई तेज बारिश के चलते सात नंबर के व्यू पॉइंट के समीप लगभग 50 फीट सडक़ धंस गयी थी जिसका मंगलवार को जिला प्रशासन के अफसरों ने निरीक्षण किया। बता दें कि आलमा काटेज निवासी आनंद राम के घर के एक हिस्से में आंशिक नुकसान हुआ है। एसडीएम नवाजिश खालिक ने बताया कि बीते दिनों आई दरार के कारण भूस्खन को देखते हुए एक हफ्ते पहले ही परिवार को प्राथमिक स्कूल में शिफट किया गया था जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। सड़क धंसने के बाद जिला प्रशासन व लोनिवि की टीम ने मौके पर जाकर जायजा लिया।

### उत्तराखंड राज्य संयुकत बी.एड प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**नैनीताल ।** उत्तराखंड राज्य संयुकत बी.एड प्रवेश परीक्षा-2025 के नोडल अधिकारी डा.मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि परीक्षा की उत्तर कुंजियां (आनसर की)समर्थ पोर्टल में अपलोड कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी परीक्षार्थी को अपने विषय के किसी प्रश्न तथा विवि की ओर से अपलोड उत्तर कुंजी के बारे में कोई प्रत्यावेदन प्रेषित किया जाना हो तो ऐसे परीथार्थी 23 सितंबर (मंगलवार)की रात्रि 11.59 बजे तक अपना प्रत्यावेदन उत्तर कुंजिका के साथ प्रदत्त गुगल फार्म के माध्यम से आनलाईन माध्यम से विवि को प्रस्तुत किया जाना तय करें। कहा कि इस तिथि के बाद किसी भी प्रकार का प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### साले के घायल होने के बाद वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में साले के घायल होने के बाद जीजा ने वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस को सौंपी तहरीर में अंबिका विहार निवासी संकल्प जोशी पुत्र निर्मल जोशी ने कहा है कि उसका साला प्रदीप बृजवासी नैनीताल रोड से अपने घर की ओर आ रहा था तभी तेज गति से आ रहे स्कूटी सवार मैं उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए देश चिकित्सालय लाया गया जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे चिकित्सा कौन है रेफर कर दिया जिसका इलाज नैनीताल रोड स्थित निजी चिकित्सालय में चल रहा है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### ग्राम प्रधान चुनाव मामला सुनवाई होगी अब 23 को

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने कुछ समय पूर्व हुए ग्राम प्रधान के चुनाव में ग्राम कुंड जिला टेहरी गढ़वाल के उपजिलाधिकारी का मतगणना के दिन उनकी उपस्थिति वहां होने व चुनाव को टाई कराए जाने के मामले पर हारे प्रत्याशी की याचिका पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 सितंबर (मंगलवार) की तिथि नियत की है।मुखय न्यायाधीश जी नरेन्दर एवं न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार टिहरी जिले का ग्राम कुंड पट्टी दसजुला जिला टिहरी की ग्राम प्रधान की उमीदवार मधु देवी नौटियाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि मतगणना के समय वे जीत गई थी लेकिन उन्हें एक मत जो अधिक पड़ा था उसको बिना किसी आधार के निरस्त कर दिया गया। लाटरी सिस्टम के आधार पर हारे हुए प्रत्याशी को विजयी घोषित कर दिया गया। जबकि वह मत उनके पक्ष में पड़ा था। याचिका में कहा कि उसमें किसी भी तरह की टेम्परिंग नही हुई थी। जब इसका विरोध उनके अभिकर्ता के द्वारा किया गया तो उसे अंदर नही आने दिया। एसडीएम वहां मौजूद थी। जो कि चुनाव आयोग के नियमों के विरुद्ध है जबकि उनके द्वारा ग्राम प्रधानों की चुनाव याचिकाएं सुनी जाती है। वे कैसे मतगणना स्थल में आ सकती हैं, जिसके बाद कोर्ट ने कहा था कि वह किस नियम के तहत वहां मौजूद रहे।



# सूचना विभाग के कार्यालय के समीप किया गया रैंप निर्माण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में लोअर मालरोड में धंसाव के बाद सूचना विभाग के समीप लोअर मालरोड से अपर मालरोड में 20 मीटर रैंप बनाया जा रहा है। रैंप से सूचना विभाग से लोअर मालरोड का यातायात अपर मालरोड में डायवर्ट किया जाएगा।

लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि मंगलवार को सुबह से ही लोअर मालरोड में रैंप बनाने का कार्य शुरू के दिया गया है।कहा कि लोअर मालरोड में नेट में पत्थरों की दीवार तैयार कर मिट्टी का भरान कर रैंप बनाया गया है जिससे सूचना विभाग के कार्यालय तक लोअर मालरोड संचालित की जाएगी यहां से वाहनों को अपर मालरोड में डायवर्ट किया जाएगा। सकसेना के मुताबिक वर्तमान में केवल 190 मीटर लोअर मालरोड क्षतिग्रस्त है जो वर्तमान में यातायात के लिए प्रतिबंधित है।

# धारी के खनस्यू तहसील परिसर में लगा बहुउद्देशीय शिविर

**धारी/नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सूबे के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के अवसर पर विकासखण्ड ओखलकाण्डा तहसील खनस्यूँ परिसर में मंगलवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा गया।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख के डी रुवाली एव जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने मुख्यमंत्री के जनकल्याणकारी दृष्टिकोण एवं क्षेत्र के विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण, कृषि एवं उद्यान तथा प्रधानमंत्री सममान निधि, बाल विकास विभाग महालक्ष्मी किट प्रदान किया गया विभाग द्वारा तकनीकी परामर्श, समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन बीपील तथा जन्म प्रमाण0 मृत्य प्रमाण पत्र0, वृद्ध पेंशन,पंचायती राजविभाग, खाद्य अपूर्ति राष्ट्रीय 0 ग्रामीण आजीविका, 0 विक्रय की गई ग्रमीण उद्यम, वेग वृद्धि परियोजन तथा राजस्व विभाग अन्य विभागों द्वारा लाभार्थियों को आवश्यक सुविधाएँ मुहैया कराई गईं। ग्रामीण द्वारा तल्ली पोखरी से चकसैदुल सालगाँव संडक मिला की माँग रखी। ग्रामीणों ने शिविर आयोजन के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया तथा इसे स्थानीय स्तर पर जनहितकारी योजनाओं तक पहुँचकर का प्रभावी माध्यम बताया। इस दौरान मौजूद तहसीलदार अशुल भट्ट, खण्ड विकास अधिकारी देशराजा, जेष्ट प्रमुख सुरेन्द्र नदगली, जिला पचायत सस्दय प्रमोद कोटलिया, बहादुर नदगली व डीकर मेवाडी, प्रधान विपिन सनवाल, मनोज सुयाल, मुकेश परंगाई, पूर्व बलाक प्रमुख कमलेश कैडा, रवि गोस्वमी तथा राजू एवं समस्त जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कोर्ट ने दुराचार के आरोपी की जमानत खारिज की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल हरीश कुमार गोयल ने शादी का झांसा देकर दुराचार करने के आरोपी की जमानत खारिज कर दी ।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा ने आरोपी अमन मिश्रा पुत्र प्रकाश मिश्रा नि0-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश की जमानत का विरोध करते हुए बताया कि 30 जुलाई 2025 को थाना तल्लीताल में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि पीड़िता के साथ अभियुक्त अमन द्वारा फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की और पीडिता को शादी के नाम पर अपने माता पिता से मिलाया। पीड़िता ने भी आरोपी को अपने परिजनों से मिलाया । 8 नवम्बर 2025 को सगाई की तारीख अभियुक्त द्वारा तय की गयी और पीड़िता को अभियुक्त द्वारा शादी का झांसा देकर घुमाने के बहाने जुलाई, 2025 में नैनीताल लाया और उसके साथ शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया और नैनीताल से वापस दिल्ली पहुंचने पर अभियुक्त द्वारा कुछ दिन तक बात की, उसके बाद पीड़िता को अनदेखा करने लगा और शादी के लिये टाल मटोली करने लगा।

अभियुक्त अमन द्वारा पीड़िता से कहा गया कि तुम शादी करना चाहते तो अपना बैग लेकर मेरे घर आ जाओ और उसके कहने पर पीड़िता अपने घर से 20 जुलाई रात 8 बजे निकली और आधे रास्ते पर पहुंची तो अभियुक्त ने अपना फोन बंद कर दिया । अभियुक्त के कमरे के बाहर पहुंचने पर उसने पीड़िता व परिवार जनों को मकान मालिक के माध्यम से वहां नहीं आने दिया । जिसके बाद यह मुकदमा दर्ज हुआ।

# कुमाऊंनी शैली पर नजर आएगा काठगोदाम रेलवे स्टेशन: सांसद भट्ट

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श अजय भट्ट ने सोमवार को शाम काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

ठीक 90 दिन पहले भी श्री भट्ट द्वारा किया गया था स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण, तेजी से कार्य पूर्ण करने के दिए थे निर्देश अमृत भारत योजना के तहत काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर 16.76 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। सोमवार शाम सांसद श्री अजय भट्ट द्वारा इन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर रेलवे के अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश।



इज्जत नगर बरेली से आए रेलवे के उप मुख्य अभियंता ए के सिंह ने अवगत कराया कि 16 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से काठगोदाम रेलवे स्टेशन में विभिन्न सुधारीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं, जिसमें 2 एस्केलेटर, 2 लिफ्ट, 2 प्रतीक्षालय कक्ष, वीआईपी लॉज,नए ऑफिस कक्षों की सिफ्टिंग कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग में नरीमन चौराहे तक स्टेशन से सड़क लिंक मिलान कार्य सहित फसाड आदि सुधारीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, वर्तमान तक दो प्रतीक्षालय, लिफ्ट एवं एक्सेलेटर आदि कार्य पूर्ण हो गए हैं। अन्य कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि इन सभी कार्यों को दिसंबर 2025 तक पूर्ण होना था, बरसात के कारण देरी हो गई अब फरवरी 2026 तक कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

# अभिमत



## कटुता की ओर

*वर्तमान में विपक्ष का रुख हर मुद्दे पर नकारात्मक के साथ ही अमर्यादित शब्दों के इस्तेमाल से कटुता की ओर अग्रसर हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का चौकीदार नहीं मानते हुए अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया गया। सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का उल्लंघन करने की हद तो तब हो गई, जब प्रधानमंत्री मोदी की मां के बारे में भी टिप्पणी की गई, जबकि उनकी मां का निधन हो चुका है। जीवन में मां सबके लिए सम्मान का प्रतीक होती है, चाहे किसी की हो। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की मां के संबंध में टिप्पणी करने से तीखी प्रतिक्रिया हो रही है।*

सत्तापक्ष और विपक्ष लोकतंत्र के दो पहिये हैं। राजनीति का आधार रचनात्मक भावना से राष्ट्र और जनहित की नीति का पालन करना होना चाहिए। वर्तमान में विपक्ष का रुख हर मुद्दे पर नकारात्मक के साथ ही अमर्यादित शब्दों के इस्तेमाल से कटुता की ओर अग्रसर हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का चौकीदार नहीं मानते हुए अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया गया। सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का उल्लंघन करने की हद तो तब हो गई, जब प्रधानमंत्री मोदी की मां के बारे में भी टिप्पणी की गई, जबकि उनकी मां का निधन हो चुका है। जीवन में मां सबके लिए सम्मान का प्रतीक होती है, चाहे किसी की हो। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की मां के संबंध में टिप्पणी करने से तीखी प्रतिक्रिया हो रही है। भाजपा के नेताओं ने जगह-जगह मुकदमे दर्ज कराये हैं। भाजपा द्वारा इसे मुद्दा बनाया जा रहा है। पूरे देश में भाजपा के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगह कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ तीखी नोकझोंक हुई है। यह मामला राजनीतिक नफा-नुकसान का कतई नहीं है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और उसके परिवार वालों के सम्मान का सवाल है। प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के संबंध में अपमानजनक शब्द अक्षम्य हैं, यदि कांग्रेस हाईकमान माफी भी मांगे तो देशवासी माफ नहीं करेंगे। लोकतंत्र में सत्तापक्ष से कम विपक्ष की भूमिका नहीं होती है। लोकतांत्रिक शासन में सजग और सशक्त विपक्ष जरूरी माना जाता है। सरकार की नीतियों में सुधार और कार्यों की निगरानी में विपक्ष की अहम भूमिका होनी चाहिए। कुछ साल से विपक्ष सदन के अंदर सिर्फ और सिर्फ हंगामे के अलावा कुछ नहीं करता है। संसद और विधानसभा का सत्र हंगामे की भेंट चढ़ जाता है। सदन में सरकार के प्रस्ताव की खामियों पर बहस करके जनहित में प्रावधान जुड़वाने का प्रयास विपक्ष को करना चाहिए। सदन से बाहर निकल कर सड़क पर विपक्ष विरोध करता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विपक्ष को एकजुट करने की भरसक कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष को एकजुट करना अनुचित नहीं है। इसी क्रम में राहुल गांधी की सभा में प्रधानमंत्री मोदी की मां के बारे में अपशब्द का इस्तेमाल किया गया। समाज के किसी भी वर्ग में गाली-गलौज को स्वीकार नहीं किया जाता है। सार्वजनिक जीवन में किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी अपराध है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री की मां पर टिप्पणी से देश का अपमान हुआ है।

# लोक गायक जितेंद्र व राकेश खनवाल के गीतों ने बांधा समां

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के ए.एन.सिंह प्रेक्षागृह में मंगलवार को प्रतिष्ठित नैनी महिला जागृति संस्था नैनीताल की ओर से आयोजित दो दिवसीय देव भूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित संकल्प इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें देवभूमि उत्तराखंड के लोक गायक जितेंद्र तोमकयाल और राकेश खनवाल के गीतों पर छात्र-छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाए। प्रतियोगिता में पहले दिन कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में मुखय अतिथि राज्य दर्जा मंत्री शांति मेहरा व विशिष्ठ अतिथि विधायक प्रतिनिधि मोहित आर्या रहे व निर्णायक मंडल में पंकज बोरा व दीपक पुल्स शामिल रहे। अतिथियों ने देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक लोक कलाओं के प्रयोग व संरक्षण का आह्वान किया जबकि बीते कई वर्षो से हो रहे




कार्यक्रम को लेकर आयोजकों को बधाई दी। इससे पूर्व दोनों अतिथियों समेत नैनी महिला जागृति संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला व आयोजक सचिव हरीश सिंह राणा ने संयुकत रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश वंदना के बाद उत्तराखंड के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर केक काटा गया जिसके बाद प्रतियोगिता शुरू की गई। प्रतियोगिता में नैनी पबलिक स्कूल, रामा मॉन्टेसरी, भारतीय शहीद सैनिक, द फ ोकलोक, डीएसबी परिसर, हिमगिरी, केपीआईएएनएस समूह वन, केपीआईएएनएस समूह टू, भारतीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ, अमेरिकन किड्स, सीआरएसटी इंटर कॉलेज तथा मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर आदि विद्यालयों ने प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी।

इसके बाद लोक गायक जितेंद्र तोमकयाल व राकेश खनवाल के मधुर गीतों पर प्रेक्षागृह में मौजूद सभी छात्र थिरक उठे। गायाकों ने लोकगीत रंगीली बिंदी घाघरी काई..., किरीम पौडरा..., छबीली हिमुली हॉलदारें की चैली..., गैरी-गैरी नैनीताले की छोरी..., रुमाली को गांठा...,साली दीपिका...,ओ छोरी कमला...,पारे भीड़े की बसंती छोरी..., तेरी अलकची जवानी..., मेरी मायादार जैसे लोकप्रिय गीतों से रंग जमाया। इस दौरान आयोजक मंडल के सचिव हरीश सिंह राणा, नैनी महिला जागृति संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला समेत आशा आर्या, गणेश जोशी, आशीष साह, मोहित लाल साह, विशाल वर्मा, सागर बिष्ट, सूरज रावल, चंदन मेहरा, कमल कार्की, पवन साह, दीवान रौतेला, करन दनाई, पार्थ साह, शुभम कुमार, हर्ष चौहान, तनमय भंडारी, अनिकेत शर्मा, मनोज जोशी, दयाकिशन पोखरिया, नितिन कार्की, विकास जोशी तथा गजाला कमाल आदि मौजूद रहे। संचालन उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक हेमंत बिष्ट ने किया।

## पुलिस ने हजारों रुपए की स्मैक सहित दो लोगों को हिरासत में लिया

**हल्द्वानी।** नशे का गोरखधंधा थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। नशे के सौदागर युवाओं की जिंदगी में जहर घोल रहे हैं। हालांकि पुलिस आए दिन नशे के सौदागरों को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज रही है लेकिन फिर भी यह धंधा चरम सीमा पर है पुलिस ने हजारों रुपए की स्मैक सहित दो लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। गोलपार चोर गलियां थाने में तैनात एस आई निधि शर्मा अपनी टीम के साथ वाहन चैकिंग अभियान चला रही थी तभी दो लोग सितारगंज की ओर से मोटर साइकिल पर सवार होकर आ रहे थे। जो वाहन चेकिंग अभियान को देख भागने लगे भक्ति वीडियो को पुलिस ने पकड़ लिया और वाहन के कागजात मांगे लेकिन वह सकपका गए पुलिस में जबउनकी तलाशी ली तो उनके पास से 18.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई।पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने अपना नाम जीवन सिंह बिष्ट पुत्र उदय सिंह बिष्ट निवासी कठघरिया, महेंद्र सिंह अन्ना पुत्र मानसिंह अन्ना ऊंचा पुल मुखानी बताया पकड़े गए तस्करों ने बताया कि वह सस्ते दामों पर स्मैक किच्छा बहेड़ी, क्षेत्र से लाते हैं और अपने क्षेत्र में महंगे दामों पर बेचते हैं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को न्यायालय में पेश किया है ।

# उत्तराखंड एसटीएफ का मनीष बॉलर मामले में बड़ा खुलासा, दो पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

डीजीपी दीपम सेठ ने इनामी एवं वांछित अपराधियों के साथ-साथ संगठित गिरोह के अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी के अंतर्गत एसटीएफ भी लगातार काररवाई कर रही है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवीण वाल्मीकि गैंग के सम्बन्ध में पिछले माह में गोपनीय सूचना मिल रही थी। जांच करने के बाद 27 अगस्त 2025 को एसटीएफ की ओर से बीबीएनएस का अभियोग कुख्यात गैंगस्टर प्रवीण वाल्मीकि उसका भतीजा मनीष बॉंलर, पंकज अष्ठवाल आदि 6 लोंगो के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया। संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस मुख्यालय से विवेचना एसटीएफ को सौंपी गई। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में पहली बार प्रवीण वाल्मीकि गैंग के 2 सदस्य मनीष बॉंलर और पंकज अष्ठवाल निवासी ग्राम सुनेहरा थाना गंगनहर हरिद्वार को थाना गंगनहर क्षेत्र में दबिश देकर गिरफ्तार किए। मनीष बॉंलर, पंकज अष्टवाल से पूछताछ में जमीन की विक्रय करने वाली फर्जी रेखा व संलिप्त सदस्यों की जानकारी हुई है।जिस पर फर्जी रेखा बनी महिला निर्देश पत्नी कुलदीप सिंह निवासी ज्वालपुर हरिद्वार की भी एसटीएफ गिरफ्तार कर चुकी है। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि अब इस प्रकरण में दो पुलिस कर्मियों की संलिप्तता पाए जाने पर गिरफ्तारी की गई है। दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार पुलिस कर्मी शेर सिंह निवासी ग्राम बहादरपुर जट हरिद्वार यूके, हसन अब्बास जैदी निवासी खेरवा जलालपुर, तहसील सरधना मेरठ यूपी।

**दर्ज प्रकरण:** एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह के मुताबिक रुड़की क्षेत्र के ग्राम सुनेहरा के रहने वाले श्याम बिहारी की वर्ष 2014 में मृत्यु हो गई थी। जिसकी करोड़ो रुपए की बेशकीमती संपत्ति ग्राम सुनेहरा क्षेत्र में स्थित है। श्याम बिहारी की मृत्यु के पश्चात इस संपत्ति की देखभाल उसका छोटा भाई कृष्ण गोपाल कर रहा था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में प्रवीण वाल्मीकि गैंग ने इस संपत्ति को कब्जा करने की नियत से कृष्ण गोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इस संपत्ति की देखभाल श्याम बिहारी की पत्नी रेखा करने लगी तो प्रवीण वाल्मीकि द्वारा रेखा को धमकाकर संपत्ति अपने नाम पर करने के लिए दबाव बनाया। परंतु वह नहीं मानी तो उसके भाई सुभाष पर वर्ष 2019 में अपने भतीजे मनीष बॉलर व उसके साथियों के साथ गोली चलवायी,जिसमें धारा 307 का मुकदमा थाना गंगानगर में पंजीकृत कराया गया । इन दोनों घटनाओं से रेखा का परिवार डर गया और वह रुड़की क्षेत्र छोड़कर कहीं अज्ञात स्थान पर छिप कर रहने लगे। एसटीएफ के मुताबिक इसके बाद रेखा व कृष्ण गोपाल की संपत्ति को प्रवीण वाल्मीकि व उसके सदस्यों ने फर्जी रेखा व कृषण गोपाल की पत्नी स्नेहलता बनाकर फर्जी पॉंवर अटार्नी तैयार की तथा इन संपत्तियों को आगे बेचा गया। मनीष बॉंलर का सहयोगी पंकज अष्टवाल था। जिसने रेखा की फर्जी पावर अटार्नी अपने नाम करवाकर करोंड़ो मूल्य की सम्पत्ति को खुर्द बुर्द कर आगे बेचा। प्रवीण वाल्मीकि गैंग का इतना भय था कि इस परिवार ने अपनी जान माल की रक्षा के लिए किसी से कोई भी शिकायत नहीं दर्ज कराई गई।

# फिल्मी दुनिया

## कंगना ने तस्वीर शेयर कर दी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास अवसर पर मनोरंजन जगत के सितारे उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बुधवार को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन पर सिर्फ राजनीति की दुनिया से ही नहीं, बल्कि मनोरंजन उद्योग से भी पीएम मोदी को तमाम बधाइयां मिल रही हैं। अनुपम खेर, कंगना रनौत जैसे सितारों ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि वो पीएम मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री के समय से जानते है। पुराने दिनों को याद करते हुए अभिनेता ने पीएम को जन्मदिन की बधाई दी और लंबी उम्र की कामना की। ड्रीम गर्ल से मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी ने इंस्टाग्राम पर खुद का रिकॉर्ड किया हुआ एक वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपने पूरे परिवार की तरफ से शुभकामनाएं दीं और अच्छी स्वास्थ्य की कामना की।*

## खेल जगत ने दी शुभकामनाएं

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (17 सितंबर) अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। खेल जगत के दिग्गज सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, सानिया मिर्जा, मनु भाकर और अनिल कुंबले ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने मोदी की खेलों के प्रति योगदान और खिलाड़ियों के लिए लगातार समर्थन की सराहना की। पीएम मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में हुआ था और वे 26 मई 2014 से भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हैं।*

# शिक्षकों का आंदोलन तेज विधायक को सौंपा ज्ञापन 17 सितंबर को देहरादून रैली का ऐलान

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

रामनगर में शिक्षकों का आंदोलन और तेज हो गया है। प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया रद्द करने सभी स्तरों पर पदोन्नति करने और स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत शिक्षकों ने रामनगर विधायक को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं वे आंदोलन जारी रखेंगे। प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला और उनसे अनुरोध किया कि वे मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री तक इस मुद्दे को पहुंचाएं। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले पर सीएम और शिक्षा मंत्री से वार्ता करेंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद शिक्षकों ने राजकीय इंटर कॉलेज में बैठक कर आगामी रणनीति तय की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 सितंबर को देहरादून में मुख्यमंत्री आवास घेराव रैली में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होंगे। संगठन का कहना है कि यह रैली ऐतिहासिक होगी और शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सरकार को जगाने का काम करेगी।



## News कॉर्नर

### आपदा प्रभावितों को राहत एवं पुनर्वास की मांग



**बागेश्वर।** कपकोट क्षेत्र में हाल ही में आई आपदा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात के दौरान उनकी व्यथा सामने आई। प्राकृतिक आपदा ने न केवल घर, खेत और संसाधनों को तहस-नहस कर दिया है बल्कि प्रभावितों के जीवन में गहरा मानसिक और भावनात्मक आघात भी पहुंचाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से अब तक मुआवजे और पुनर्वास को लेकर कोई स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है। आपदा राहत के नाम पर दिया जा रहा मुआवजा अत्यंत कम है, जिससे वास्तविक नुकसान की भरपाई संभव नहीं है। लोगों का कहना है कि उनके जीवन-यापन की स्थिति पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है और महज आश्वासन से हालात नहीं सुधर सकते। पीड़ितों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि राहत एवं पुनर्वास की प्रक्रिया को त्वरित गति से संचालित किया जाए तथा सभी प्रकार के नुकसान की समुचित भरपाई सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि सरकार यदि शीघ्र मदद नहीं करती तो पहाड़ी इलाकों में लोगों का जीवन और भी मुश्किल हो जाएगा।

# कल से होगा कुमाऊं की सबसे प्राचीन रामलीला का शुभारम्भ

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं की सबसे प्राचीनतम रामलीला जिसका इतिहास लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना है का शुभारंभ इस वर्ष 18 सितंबर से श्री रामलीला मैदान में होगा। इस प्राचीनतम रामलीला का इतिहास बहुत गौरवशाली है इस ब्रिटिश काल से चली आ रही रामलीला को हल्द्वानी के तमाम रंगकर्मियों ने सींचा और पोषित किया जिसके परिणाम स्वरूप आज भी इस गौरवशाली प्राचीन परंपरा का निर्वहन समाज के बुद्धिजीवी एवं सनातनी कर रहे हैं. आज श्री रामलीला के सम्मानित व्यास गोपाल दत्त शास्त्री कभी इसी लीला में श्री राम का किरदार निभाने थे, इनके अलावा पंडित श्याम सुन्दर शर्मा,पंडित गुरुदेव वशिष्ट,



अरविंद अग्रवाल, टण्डन गुरु, पप्पू पंडित जी आदि ऐसे नाम हैं जिन्होंने हल्द्वानी की इस रामलीला को पोषित किया और जीवंत बनाये रक्खा. दूर दूर से लोग रामलीला में इन्हें देखने आते थे, आज जगह जगह रामलीला का मंचन होता है पर दिन की लीला यहां के अलावा शायद ही कहीं होती होगी और इसको देखने का रोमांच आज भी विद्यमान है। इस वर्ष भी श्री रामलीला संचालन समिति द्वारा रामलीला संचालन 2025 की तैयारी जोरों पर चल रही हैं. इन तैयारी को करने से पहले रामलीला मैदान में श्री हनुमत ध्वज की स्थापना की गई हनुमत ध्वज स्थापना के साथ ही रामलीला से जुड़े हुए समस्त कार्यों का श्री गणेश हो गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य वेद प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 18 सितंबर से दिन की लीला का शुभारंभ एवं 22 सितंबर से रात्रि लीला का शुभारंभ किया जाएगा। दिन की लीला के लिए भव्य व्यास मंच बन चुका है तथा रामलीला से संबंधित पुतलों को बनाने का कार्य शंभू बाबा के निर्देशन में जोर-शोर से चल रहा है। इन पुतलों में मुख्य रूप से स्वर्ण लंका, स्वर्ण हिरण, जटायू ,रावण कुंभकरण, मेघनाथ, ताड़का तथा खरदूषण के पुतले बनाने का कार्य शामिल है. रामलीला के लिए सुन्दर आतिशबाजी की भी व्यवस्था करी जा रही है। व्यास मंच संचालक अतुल अग्रवाल ने कहा कि रामलीला में सभी पात्रों के लिए नई पोशाकें एवं मुकुट आदि की खरीदारी का कार्य प्रगति पर है .दिन की लीला के लिए पात्रों के चयन की प्रक्रिया भी संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्यों के निर्देशन में चल रही है। दिनांक 22 सितंबर को नगर में श्री राम विवाह एवं बारात का भव्य आयोजन प्राचीन श्री शिव सेवा समिति के द्वारा किया जाएगा। रात्रि लीला के संयोजक राजेंद्र मुन्ना ने बताया कि इस बार रात्रि लीला का मंचन श्री राधा रानी आदर्श रामलीला मंडल बरसाना, मथुरा द्वारा किया जाएगा।

# जनसेवा और स्वच्छता को समर्पित दो दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ आगाज

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर निगम रुद्रपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय महिला हाट बाजार, बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ वेंडिंग जोन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर विकास शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एसडीएम मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल और पूर्व महापौर रामपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की। इस मौके पर अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान डीडी चौक से पारले चौक और इंदिरा चौक से गावा चौक तक विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। महिला हाट बाजार में स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, घरेलू उत्पाद आदि प्रमुख रूप से उपलब्ध थे। वहीं बहुद्देशीय शिविर में प्रधानमंत्री आवास



योजना, आयुष्मान भारत, स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना सहित राज्य व केंद्र सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी गई एवं मौके पर लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। शिविर में लगाए गए चिकित्सा शिविर का शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने स्वयं हेल्थ चेकअप कराकर किया। शिविर में लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि 16 सितंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रुद्रपुर नगर निगम द्वारा महिला हाट बाजार, बहुद्देशीय शिविर और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि आमजन को लाभ मिल सके और उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा सके। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन समाज और राष्ट्र के लिए पूर्णत: समर्पित है। 'सेवा ही संगठन' का भाव लेकर वह कार्य कर रहे हैं। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आमजन तक पहुंच बनाकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बन रहा है।

# एक के बाद एक होती मंदिरों में चोरियों की घटना पुलिस के लिए बनीं चुनौती

**लालकुआं**

हमारे संवाददाता

अवंतिका देवी मंदिर में बीती रात चोरों ने मंदिर परिसर में घुसकर कई मंदिरों के दानपात्र को बनाया अपना निशाना, मंदिर में रखे दानपात्रों को तोड़कर निकाली हजारों रूपये की नगदी, इसके अलावा की एक किलो चांदी और पुजारी के 20 हजार रुपये भी लेकर हुए फरार,सुबह मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को दी घटना की जानकारी

सूचना पाकर मौके पर पंहुची कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर की मामले की जांच शुरू,चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरों की ली जा रहीं मदद। कोतवाली क्षेत्र में एक के बाद एक होती मंदिरों की चोरियों ने उठाएं पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल, दो दिन पहले मोटाहल्दू स्थित शिव मंदिर को चोरों ने बनाया था निशाना, क्षेत्र में बढ़ती चोरों की घटनाओं को लेकर क्षेत्रवासियों ने जताई नाराजगी, लालकुआं नगर काग्रेंस अध्यक्ष भुवन ने दी पुलिस प्रशासन को चेतावनी,अवंतिका देवी मंदिर में हुई चोरी की घटना का जल्द खुलासा ना होने पर दी आन्दोलन की चेतावनी।



# विधायक अरोरा ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता अभियान

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा ने विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत आज सुबह गाँधी पार्क पहुंचकर महापुरुषों की मूर्ति पर पार्टी कार्यकर्त्ताओ संग सफाई अभियान चलाया।

विधायक ने महात्मा गाँधी,श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति की पानी से सफाई कर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि करोड़ो कार्यकताओ के प्रेरणा पूंज देश को सबसे मजबूती के साथ विकास के पथ पर आगे ले जाने वाले जन जन की आवाज हर गरीब का दर्द समझने वाले और बिना रुके बिना थके 2014 से लगातार देश हित, राष्ट हित मे प्रधानमंत्री के रूप मे अपनी सेवा दे रहे। नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को पूरे देश के कोने कोने में मनाया जा रहा है। रुद्रपुर में भी पार्टी कार्यकताओ संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर महापुरुषों की मूर्ति पर सफाई अभियान चलाया व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु की कामना की प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे भारत ने एक नई विकासगाथा को लिखा है, जिसका साक्षी भारत का प्रत्येक नागरिक है, उन्होंने गरीब कल्याण के मन्त्र को आत्मसार करते हुऐ गरीबो के उत्थान हेतु अनेक कोई योजनाओं के माध्यम से उनको विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है।इस दौरान जिला महामंत्री तरुण दत्ता, सुरेश कोली, मुकेश पाल, रश्मि रस्तोगी, रेनू जुनेजा,सुनील यादव, महेंद्र आर्य,जीतेन्द्र संधू, नितेश गुप्ता,भीमसेन गुप्ता,मनोज मदान,गोविन्द राय,एमपी मौर्य,लक्की चन्द्रसेन चंदा आदि मौजूद रहे।



# कल वार्ड संख्या 13 व 14 में लगेगा बहुउद्देशीय शिविर

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नियमित रूप से वार्डवार जन सुविधा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम के वार्ड संख्या 16 और 19 में जन सुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। दोनों वार्डों में यह शिविर पार्षद कार्यालय हल्द्वानी में प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किए गए।

शिविरों के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ प्रमुख रूप से उठाई गईं। अधिकारियों ने इनमें से कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। आज के शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 14 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। शिविर में पूर्ति विभाग से जुड़े कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थनापत्र सम्मिलित थे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल

E Mail:- eepwdntl@gmail.com

पत्रांक: कैम्प मैमो/17 एम0जी0 दिनांक: 16.09.2025

### निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 24.09.2025 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.09.2025 से 02.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11:00 बजे तक निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 03.10.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1- अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0, नैनीताल। 2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल। 3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल। 4. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 रुद्रपुर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( रु0 में ) जो कि अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0 नैनीताल के नाम बंधक हो | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु0 में ) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला योजना 2025 -26 के अन्तर्गत विजयपुर पहाड़पानी पैदल मार्ग में सुरक्षात्मक कार्य। | 60000.00 | 1500.00 + 18% GST | 90 दिन | 2 माह | मार्ग 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा दिनांक 04.10.2025 को प्रात: 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा हेतु अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,
लो0नि0वि0, नैनीताल